ching schemes for the benefit of the common man ; and

(b) the nature of the schemes and the benefits which will accrue to the common man ?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI YESHWANTRAO CHAVAN) : (a) and (b). As one of the objectives of nationalisation of banks was to provide credit facilities to the hitherto neglected sections of the community, no specific approval of Government was required by the nationalised banks for launching scheme for the benefit of the common man Regarding the nature of the scheme, the Hon-ble Member's attention is invited to the reply to Lok Sabha Unstarred question No. 638 answered on 28th may, 1971.

**मध्य प्रदेश की फर्मों के नाम आयकर की बकाया राशि**

3781. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश के मुरैना जिले की माहलगढ़ तहसील की मै० कलुआराम भगवती प्रसाद, मै० बृजमोहन अशोक कुमार, मै० केदारनाथ बृजमोहन और मै० गणेश फर्मों पर सरकार द्वारा कितनी राशि का आयकर निर्धारित किया गया ;

(ख) पिछले दो वर्षों के दौरान इन फर्मों द्वारा कितना आयकर अदा किया गया ; और

(ग) इस समय इन फर्मों के नाम आयकर की कुल कितनी राशि बकाया है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश)** : (क) से (ग) . सूचना इकट्ठी की जा रही है और सदन की मेज पर रख दी जायगी ।

**दिल्ली में रहने वाले केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को दिया जा रहा मकान किराया भत्ता**

3782. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली मे रहने वाले केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को दिये जा रहे मकान किराया भत्ते की प्रतिशतता क्या है ; और

(ख) सरकारी आवास स्थानो की कमी के कारण सरकार द्वारा इस पर कितना वार्षिक व्यय किया जाता है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश)** : (क) दिल्ली में केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियो को, निर्धारित शर्तें पूरी करने पर, निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ता मिलता है :—

| वेतन प्रति मास (महंगाई वेतन सहित) | भत्ते की दर |
|---|---|
| रु० | रु० |
| 100 से नीचे | 15 |
| 100–3000 | वेतन का 15 प्रतिशत (न्यूनतम 20 और अधिकतम 300 रु० की सीमा तक) |
| 3000 से ऊपर | वेतन का 10 प्रतिशत |

(ख) वित्तीय वर्ष 1970–71 के सम्बध मे सूचना सभी मत्रालयो से प्राप्त की जा रही है और उपलब्ध होते ही सदन की मेज पर रख दी जायगी ।

**मध्य प्रदेश सरकार की ओर बकाया ऋण**

3783. **श्री हुकम चन्द कछवाय** . क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय केन्द्रीय सरकार का कुल कितना ऋण मध्य प्रदेश सरकार की ओर बकाया है ,

(ख) वित्तीय वर्ष 1968-69, 1969-70 और 1970-71 में राज्य सरकार ने केन्द्रीय

सरकार को कुल कितने ब्याज का भुगतान किया है ; और

(ग) वर्ष 1971-72 में कितने ब्याज का भुगतान किया जाना है ?

**वित्त मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री के० आर० गणेश)** : (क) 31 मार्च 1971 को 397.73 करोड़ रुपये बकाया थे ।

(ख) वित्तीय वर्ष 1968-69 में 18.13 करोड़ रुपये, 1969-70 में 19.46 करोड़ रुपये और 1970-71 में 19.45 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में अदा किए गए ।

(ग) लगभग 19.59 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में दिये जाएंगे ।

**बिहार, राजस्थान और केरल पर बकाया ऋण**

3784. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय बिहार, राजस्थान और केरल पर कुल कितना बकाया केन्द्रीय ऋण है ;

(ख) वित्तीय वर्ष 1971-72 मे उक्त राज्यो को कितना-कितना ऋण दिया जायेगा ; और

(ग) उक्त राज्यों को दिये गये ऋण पर ब्याज की दर कितनी है तथा इन राज्यों पर ब्याज की कुल कितनी-कितनी राशि बकाया है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश)** : (क) 31 मार्च 1971 को बिहार, राजस्थान और केरल सरकारों के नाम क्रमश: 580.72 करोड़ रुपये, 567.55 करोड़ रुपये और 251.25 करोड़ रुपये के केन्द्रीय ऋण बकाया थे ।

(ख) बिहार, राजस्थान और केरल के लिये निर्धारित केन्द्रीय सहायता में क्रमश: 47.32 करोड़ रुपये, 30.80 करोड़ रुपये और 24.50 करोड़ रुपये के इकट्ठे ऋण शामिल हैं । इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारों को, अल्प बचतों की संगृहीत राशियों के बदले और केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं आदि की वित्त व्यवस्था करने के लिये ऋण मिलेंगी ।

राज्य सरकारों ने अपने 1971-72 के बजटों में केन्द्रीय ऋणों के रूप में निम्नलिखित रकमों की प्राप्ति होने की कल्पना की है :—

| | |
|---|---|
| बिहार | 61.49 करोड़ रुपये |
| राजस्थान | 35.94 ,, ,, |
| केरल | 48. 65 ,, ,, |

(ग) राज्य सरकारों को दिये जाने वाले केन्द्रीय ऋणों पर सामान्यत: 5 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज लगता है और ठीक समय पर ऋणों की वापसी तथा ब्याज की अदायगी किये जाने पर 1/4 प्रतिशत की छूट दी जाती है इस समय, बिहार, राजस्थान और केरल सरकारों के नाम, केन्द्रीय ऋणों पर देय ब्याज की कोई रकम बकाया नही है ।

**Construction of an Aerodrome near Pinjore in Haryana**

3785. SHRI M. SATYANARAYAN RAO: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether an aerodrome is proposed to be constructed near Pinjore in Haryana for tourists ;

(b) if so, whether the Haryana Government has approached the Centre for financial assistance in this connection ;

(c) if so, the amount of assistance asked for ;

(d) the reaction of Government thereto ; and

(e) when the aerodrome is likely to be